प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विद्यार्थी ही है पर्यावरण संरक्षण के ध्वज वाहक

पन्तनगर। 12 दिसम्बर 2024। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की डा. पूनम पोस्ट डॉक्टर फेलो (पी. डी.एफ.) के द्वारा पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर पंतनगर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा कार्बन फुटप्रिंट, प्राकृतिक एवं परंपरागत संसाधनों के संरक्षण का महत्व, कचरा प्रबंधन के तरीके, सतत विकास, पर्यावरण अनुकूलता आदि के बारे में व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर एवं बाल निलियम जूनियर हाईस्कूल, पन्तनगर के कक्षा 6, 7, 8 के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रतिभा किया। डा. छाया शुक्ला, सह प्राध्यापक ने इस कार्यक्रम में पर्यावरण के प्रति सजग रहते हुए अपनी तरफ से विद्यार्थियों को छोटे–छोटे प्रयास करने हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में दीपांशी, भारती, पिंकी, स्वर्णिका, अनन्या, स्नेहा, श्रेया एवं गरिमा जोशी के द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं प्रबंधन विषय में रोचक जानकारी और छोटे–छोटे किये जा सकने वाले योग्य प्रयासों के बारे में जानकारी दी गयी। समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. अल्का गोयल के मार्गदर्शन में संपादित किये गए। व्याख्यान के उपरांत स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा अनेक रोचक प्रश्न पूछे गए जिनका समुचित उत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा दिया गया। शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य श्री तुलसी प्रसाद भट्ट ने इस कार्यक्रम को बच्चों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए भविष्य में भी महाविद्यालय एवं विद्यालय के आपसी संबंधों को और प्रभावी कर विद्यार्थियों के लिए लाभकारी कार्यक्रमों की अपेक्षा व्यक्ति की साथ ही उन्होंने महाविद्यालय के विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, व्याख्यान कौशल एवं ज्ञान और लगन की भी भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया।

*कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान करते अधिकारी।*

**निदेशक संचार**